श्री जय नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ

(Accredited Grade'A' by NAAC)

प्रेस–विज्ञप्ति / सूचना

01.08.2024

श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के प्राचार्य प्रो0 विनोद चन्द्र ने आज एक प्रेस–विज्ञप्ति में बताया कि महाविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर (नियमित) के पाठ्यक्रमों यथा– बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0कॉम0, बी0कॉम(ऑनर्स), बी0एस–सी0(कम्प्यूटर साइंस), बी0एस–सी0(सांख्यिकी) तथा बी0बी0ए0(आई0बी0) एवं स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों–एम0ए0 / एम0एस–सी0 के प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश लगभग पूर्ण हो गये हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं 03 अगस्त, 2024 से प्रारम्भ हो रहीं है। अतएव उक्त सेमेस्टर के छात्र दिनांक 03.08.2024 को महाविद्यालय में सम्बन्धित विभागों में उपस्थित होकर विभाग प्रभारी से सम्पर्क कर निर्धारित समयानुसार कक्षाओं में उपस्थित हों।

प्रो0 चन्द्र ने यह भी बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के दिशा निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अतः ऐसे छात्र जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी वे अपने सम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किये जा सकते हैं। अतएव छात्र कक्षाओं में अनिवार्य रूप में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

प्राचार्य ने अवगत कराया कि 09 अगस्त, 2024 से छात्रों को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित यूनिफार्म में आना अनिवार्य होगा जो निम्न प्रकार है:–

छात्रों के लिये यूनिफार्म	:	ग्रे कलर की पैण्ट एवं सफेद शर्ट
छात्राओं के लिये यूनिफार्म	:	ग्रे कलर का कुर्ता, सफेद सलवार तथा सफेद दुपट्टा

Vchandra

(प्रो0 विनोद चन्द्र)

प्राचार्य

Scanned with OKEN Scanner